# मैं तो हूँ सांवरिया तेरे चरणों का पुजारी भजन लिरिक्स

मैं तो हूँ सांवरिया,
तेरे चरणों का पुजारी,
चरणों का पुजारी,
तेरे चरणों का पुजारी।bd।

तर्ज – सारी दुनिया प्यारी पर तू है।

---

जब से होश संभाला मैंने,
तुमको अपना माना,
तेरी लीला देख देख के,
ये दिल हुआ दीवाना,
मेरे मन को भाए,
तेरी सूरत जादुगारी,
चरणों का पुजारी,
तेरे चरणों का पुजारी।bd।

---

मेरे खातिर बाबा तूने,
क्या क्या नही किया है,
खुद मुझको भी पता नहीं है,
इतना मुझे दिया है,
कैसे चुकाऊ बोलो,
तेरा कर्जा सर पे भारी,
चरणों का पुजारी,
तेरे चरणों का पुजारी।bd।

---

लोग तेरा श्रृंगार सजाए,
तूने मुझे सजाया,
जहाँ जहाँ तू लेकर जाए,
मेरा मान बढ़ाया,
मालामाल हुआ है,
जो कल था एक भिखारी,
चरणों का पुजारी,
तेरे चरणों का पुजारी।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मैं तो हूँ सांवरिया,

तेरे चरणों का पुजारी,
चरणों का पुजारी,
तेरे चरणों का पुजारी।bd।

स्वर – पुरुषोत्तम जी अग्रवाल।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com